हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

गांव चलो अभियान का डंकखार बूथ में शंखनाद... 12

प्राइमरी स्कूलों में पढ़ाई तिहार कल... 12




## खबर संक्षेप

### एचपीवी टीकाकरण अभियान हुआ शुरू



**दुर्गुकोंदल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गुकोंदल में एचपीवी यानी ह्यूमन पैपिलोमावायरस टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। ग्राम वाटिनटोला की 14 वर्षीय किशोरी दिशा टांडिया को टीका लगाकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य सविता उयके, सरपंच शकुंतला नरेटी, डॉ. संदीप साहू, डॉ. चंदन बैरागी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, उपस्थित रहे। विशेष रूप से 14 से 15 वर्ष की आयु की किशोरियों के लिए यह टीका अत्यधिक लाभकारी माना गया है। अभियान के अंतर्गत गार्डसिल वैक्सीन की खुराक दी जा रही है, जिसे सुरक्षित और प्रभावी माना गया है।

### एसपी ने क्राईम मीटिंग में दी कड़ी चेतावनी



**कांकेर।** पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा ने जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में अपराध नियंत्रण के लिए कड़े तेवर दिखाए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को लंबित प्रकरणों में त्वरित चालान पेश करने और महिलाओं व बच्चों से संबंधित शिकायतों पर अत्यंत संवेदनशीलता के साथ तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। फरार अपराधियों और स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने, सख्त निगरानी और गशत और पेट्रोलिंग बढ़ाने के साथ साथ चेतावनी दी कि कानून व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अच्छा प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मी पुरस्कृत होंगे, जबकि कोताही बरतने वालों पर कार्रवाई होगी।

### फांसी पर लटका मिला युवक का शव

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत डोमाहर्रा निवासी 26 वर्षीय रामू सलाम पिता बजरू राम ने 7 अप्रैल को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने ग्राम तेलावट व कोरेठा के बीच रोड किनारे पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बुर्जुग की मौत कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पखांजुर के निजी अस्पताल में इलाज के लिए लाए पीव्ही 76 बांदे निवासी 65 वर्षीय खोखन बंडाल पिता कुमुद का 7 अप्रैल को मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक का मौत अज्ञात कारणों से हुआ है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंच रहा, ग्रामीणों ने भाजपा की पहल को सराहा

## गांव चलो, घर चलो अभियान की श्रीराम जानकी मंदिर से हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धनेलीकन्हार

गांव की चौपाल से लेकर घर-घर तक जनसंपर्क की नई पहल ने कोदागांव में एक अलग ही उत्साह का माहौल बना दिया। भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो, घर चलो अभियान की शुरुआत 9 अप्रैल को धनेलीकन्हार मंडल अंतर्गत ग्राम कोदागांव में श्रीराम जानकी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।

कार्यक्रम प्रभारी लोकेश्वर सेन और मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने गांव के 48 परिवारों तक पहुंचकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और यह भी जाना कि लोगों को इन योजनाओं का कितना लाभ मिल रहा है। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का तिलक वंदन कर श्रीफल भेंट कर सम्मान भी किया गया। तपती दोपहरी में भी कार्यकर्ताओं का उत्साह कम नहीं हुआ।

पूर्व सांसद ने लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग तक पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि संपर्क के दौरान ऐसा कोई परिवार नहीं मिला, जिसे किसी न किसी योजना का लाभ न मिल रहा हो। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना किया।

इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला कार्यसमिति सदस्य मधु सुदन साहू, लीना नाग, संत कुमार साहू, लाल दास साहू, पुसऊ कोरटीया, चन्द्र शेखर मंडावी, राधे लाल जयते, प्रिंश पांडेय, शुभम मिश्रा, देवचरण साहू, बिरबल धाकड़, लिलेश धाकड़, हर्ष चुरेंद्र, युवांशु हिरवानी, सिमा कोली सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### ग्रामीणों ने योजनाओं को बताया लाभकारी

सरस्वती, फुलेश्वरी मंडावी, भुरई आंधियां, सरोज नायक और गुरुचरण साहू ने कहा कि पहले उन्हें लगता था कि जनप्रतिनिधि केवल चुनाव के समय ही आते हैं, लेकिन अब उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को जानने के लिए सीधे घर-घर पहुंच रहे है, जो सुखद अनुभव है। धनश्याम साहू, फुलेश्वर साहू, मिथिला साहू और बसंत निषाद ने रोजगार गारंटी योजना में कार्यदिवस बढ़ाए जाने को लाभकारी बताया। मितानिन धनाई बाई जयते ने 102 और 108 वाहनों की स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका की प्रशंसा किया।

## मनमाना रेत खनन से भूजल स्तर गिरा, इसलिए पानी के लिए संघर्ष की नौबत

# महानदी के किराने पर बसे किलेपार में भीषण जलसंकट, जल जीवन मिशन बना मृगतृष्णा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

ग्राम पंचायत किलेपार मुख्यालय में इन दिनों पानी की एक-एक बूंद के लिए जंग छिड़ी हुई है। विडंबना यह है कि महानदी के तट पर बसे इस गांव में ही जल का गहरा संकट खड़ा हो गया है। कभी जीवनदायिनी रही नदी अब ग्रामीणों के लिए बेबसी का प्रतीक बनती जा रही है। अनियंत्रित रेत उत्खनन ने न केवल नदी के स्वरूप को बदला है, बल्कि गांव के भू-जल स्तर को भी पाताल में पहुंचा दिया है। नतीजा यह है कि लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद जल जीवन मिशन यहां पूरी तरह फेल साबित हो रहा है।

विकासखंड कांकेर के ग्राम किलेपार के ग्रामीणों का आरोप है कि महानदी से लगातार हो रहे अवैध और अंधाधुंध रेत उत्खनन ने प्राकृतिक जल संतुलन को पूरी तरह बिगाड़ दिया है। नदी में रेत की परतें भू-जल रिचार्ज का महत्वपूर्ण माध्यम होती हैं, लेकिन इनके हट जाने से पानी जमीन में समा नहीं पा रहा। यही कारण है कि गांव में जल स्त्रोत तलाशने के लिए छह से सात बार बोर खनन कराया गया, लेकिन हर बार निराशा ही हाथ लगी। मशीनें खाली लौट आईं और उम्मीदें भी सूखती चली गईं। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि महानदी किनारे बसे गांव में पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं है। गर्मियों की शुरुआत के साथ ही संकट और गहरा गया है। महिलाएं और बच्चे दूर-दूर तक पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। निस्तारी के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो चुका है। ग्रामीणों का गुस्सा लगातार बढ़ रहा है और वे जल्द ही उग्र आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं।



### जल जीवन मिशन की टंकी बना शोपीस

जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई पानी टंकी अब ग्रामीणों के लिए मजाक का विषय बन गई है। करीब दो-ढाई साल पहले लाखों की लागत से बनाई गई यह टंकी आज शो-पीस बनकर खड़ी है। पाइपलाइन बिछाने का काम अधूरा पड़ा है और घर-घर कनेक्शन का सपना अधूरा ही रह गया। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और तकनीकी खामियां हैं। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो ठेकेदार काम अधूरा छोड़कर फरार हो गया।

### रेत उत्खनन पर रोक लगाने की माँग

ग्रामीणों ने साफ तौर पर मांग रखी है कि महानदी में हो रहे रेत उत्खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए और जल जीवन मिशन के तहत अधूरे कार्यों को तकनीकी सुधार के साथ जल्द पूरा किया जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते समाधान नहीं निकाला गया, तो आने वाले दिनों में हालात और भयावह हो सकते हैं।

### आम लोग संकट भोगने को मजबूर

किलेपार की यह स्थिति न केवल विभाग के लिए चेतावनी है, बल्कि यह दर्शाती है कि प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन का खामियाजा आम लोगों को किस तरह भुगतना पड़ रहा है और पानी का दंश किस तरह से झेलना पड़ रहा है। यदि अब भी जागरूकता और सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो यह संकट एक बड़ी त्रासदी में बदल सकता है।

# युवा शक्ति को जोड़कर संगठन को सक्रिय बनाने की रणनीति तैयार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

■ हर ब्लॉक, मंडल और बूथ पर प्रभारियों की नियुक्ति का निर्णय

गांव चलो अभियान को लेकर जिला युवा कांग्रेस की बैठक गुरुवार 09 अप्रैल को युवा कांग्रेस के अध्यक्ष राजू दुबे की अध्यक्षता में हु ई । आयोजित बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने को लेकर चर्चा हुई।

राजीव भवन में गांव चलो अभियान को लेकर आयोजित बैठक में जिला युवा कांग्रेस के प्रभारी रोमनाथ जैन, प्रदेश सचिव पंकज राज वाधवानी, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा ने कई अहम जानकारी दिया। इस दौरान बूथ कमेटी एवं पंचायत समिति को सशक्त करने के लिए व्यापक चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने संगठन विस्तार की रणनीति पर विचार-विमर्श करते हुए हर स्तर पर युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला युवा कांग्रेस, कांकेर के प्रत्येक ब्लॉक, मंडल, बूथ और पंचायत समिति स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की जाएगी।

आयोजित बैठक में उपस्थित सभी नेताओं ने एकजुट होकर संगठन को मजबूती प्रदान करने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया। साथ ही, युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने गांव चलो अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का भरोसा जताया।

आयोजित बैठक में जिला सचिव शिवांकित श्रीवास्तव, विधानसभा अध्यक्ष कांकेर खोमेंद्र उइके, विधान सभा अध्यक्ष भानुप्रतापपुर आकाश यदु, सत्यार्थ करायत, आदर्श गुप्ता, अर्जुन देवांगन, शेष गजभिए, राजा ठाकुर, सुरेश नाग, विनय ठाकुर, जयप्रकाश गावड़े, अशोक सलाम, प्रशांत सिन्हा, नर्सिंग तेता, जगदेव मंडावी, मृत्युंजय साहू, गन्नू राम सिन्हा, अमन गायकवाड व युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अपहृत बालिका चंद घंटे में बरामद अपहरण के आरोप में 3 गिरफ्तार



**कांकेर।** अंतागढ़ इलाके में बालिका का घर से अपहरण कर ले जाने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया, जिसमें दो आरोपी हैदराबाद और एक महिला आरोपी कांकेर जिले के कोरर थानांतर्गत की है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त थार वाहन क्रमांक थार वाहन क्रमांक टीएस 08 एचके 9889 को भी जप्त किया गया।

थाना अंतागढ़ में 7 अप्रैल को अपहृता के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी पुत्री को रंजन मिश्रा अपने 2 अन्य साथियों के साथ जबरदस्ती शादी करने के लिए मेरे घर से हाथ पकड़ कर खींच कर वाहन क्रमांक टीएस 08 एचके 9889 में बिठाकर ले जा रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम का गठन कर आरोपियों का पता तलाश एवं घेराबंदी कर केवटी भानुप्रतापपुर के पास पकड़ा गया और उनको अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने पर 8 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। जानकारी अनुसार पीड़ित ▶▶ शेष पेज 10 पर

# महिला ने जहर खाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** लकवा बिमारी ग्रसीत महिला ने जहर का सेवन कर लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। सिविल अस्पताल से अस्तपाली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि पीव्ही 22 निवासी 70 वर्षीय सेफाली सरकार पति कनाईलाल ने जहर खा लिया, जिसके कारण उसका 8 अप्रैल को मौत हो गया। जहर खाने के कारणों का फिलहाल पता नही चल पाया है। पखांजुर पुलिस द्वारा मर्ग कामय कर विवेचना में लिया गया।

# आपत्तिजनक फोटो व संदेश वायरल आरोपी युवक न्यायिक हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर महिलाओं को बदनाम करने की साजिश रचने वाले आरोपी को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी फर्जी इंस्टाग्राम आईडी और व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर आपत्तिजनक फोटो व संदेश वायरल कर रहा था, जिससे पीड़िताओं की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही थी। जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ने थाना चारामा में शिकायत दर्ज कराई थी कि 24 व 25 मार्च को आरोपी मुकेश ठाकुर अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर तथा विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप तैयार कर उसके और उसकी बहन के आपत्तिजनक फोटो एवं संदेश वायरल कर रहा है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 58/2026 के तहत धारा 79, 75, 238, 319 भारतीय न्याय संहिता एवं आईटी एक्ट की धारा 67 (ए), 66 (डी) और 66 (ई) के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू किया। जांच के दौरान आरोपी फरार हो गया था, जिसके बाद थाना एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी गई। अंततः 9 अप्रैल को आरोपी मुकेश ठाकुर 30 वर्ष निवासी ग्राम धवगांव, थाना डौण्डीलोहारा, जिला बालोद को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को विधिवत ▶▶ शेष पेज 10 पर



WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## एसपी निखिल राखेचा की नई पहल से पुलिस महकमे में जोशभरा

# कर्मठ पुलिसकर्मियों को मिलेगी पहचान का मंच, "कॉप ऑफ द मंथ" ने किया उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



कर्मठता को पहचान और समर्पण को सम्मान, जब मेहनत की कद्र होती है, तो पूरी व्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार होता है। इसी सोच के साथ जिले में पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा ने एक सराहनीय पहल करते हुए कॉप ऑफ द मंथ सम्मान की शुरुआत की है, जिसने पुलिस महकमे में उत्साह और प्रतिस्पर्धा का नया माहौल बना दिया है।

जिले में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा द्वारा "कॉप ऑफ द मंथ" सम्मान योजना की शुरुआत की गई है। इस अभिनव पहल के तहत प्रत्येक माह जिलेभर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारी एवं जवानों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। इसी क्रम में फरवरी 2026 माह के लिए बेहतर कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को आज सम्मानित किया गया। चयन प्रक्रिया में उन अधिकारियों और जवानों को प्राथमिकता दी गई, जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में न केवल उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं, बल्कि जनता की सेवा, अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में भी विशेष भूमिका निभाई। इस सम्मान के माध्यम से पुलिस अधीक्षक का उद्देश्य महकमे में सकारात्मक ▶▶ शेष पेज 10 पर



गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
ब्यूरो कार्यालय :
ऊपर नीचे रोड, कांकेर
मो. 70009 55574, 9098324969

# एक पुनर्वासित सहित 5 हितग्राहियों को आवास पूर्ण होने पर दी गई प्रतीकात्मक चाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

माओवाद मुक्त होने के बाद बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों में शासन की योजनाओं की पहुंच सुलभ हो रही है और विकास कार्यों को भी गति मिल रही है। कोंडागांव जिले के फरसगांव विकासखंड अंतर्गत दूरस्थ ग्राम चिंगनार में शासकीय योजनाओं का लाभ ग्रामवासियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर सांसद भोजराज नाग और केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए। सांसद और विधायक ने शासन की विभिन्न योजनाओं अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्री का विवरण किया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई भी उपस्थित रहे।

## जिले के दूरस्थ गांव चिंगनार में लगा जनसमस्या निवारण शिविर

### ग्रामवासियों से 115 आवेदन मिले, 49 का मौके पर निराकरण

जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामवासियों से कुल 115 प्राप्त हुए, जिसमें 49 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। शिविर के दौरान कुल 81 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आयुष्मान कार्ड के 7 तथा आधार कार्ड के 22 प्रकरणों का निराकरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम के तहत 8 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार विभिन्न विभागों द्वारा सामग्री वितरण के अंतर्गत राजस्व विभाग द्वारा 16 हितग्राहियों को बी-1/डिजिटल किसान किताब प्रदान की गई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 12 जॉब कार्ड तथा 01 पुनर्वासित व्यक्ति सहित 5 आवास पूर्ण होने पर प्रतीकात्मक चाबी वितरित किए गए। श्रम विभाग द्वारा 11 श्रम कार्ड वितरित किए गए। शिक्षा विभाग द्वारा 24 जाति प्रमाण पत्र जारी किए गए तथा उद्यान विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को बागवानी किट प्रदान की गई।



सांसद श्री नाग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पहले माओवाद के प्रभाव से इस क्षेत्र में सड़क पुल पुलिया और आधारभूत संरचना के कार्य नहीं हो पाता था। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नेतृत्व में बस्तर अब माओवाद से मुक्त होने के बाद अब इन कार्यों को गति मिलेगी। केंद्र एवं राज्य सरकार महिलाओं किसानों के कल्याण के साथ ग्रामीणों क्षेत्रों में अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति का विकास जरूरी है। केशकाल विधायक ने कहा कि पहले इस क्षेत्र में माओवाद का बहुत दहशत हुआ करती थी, विकास कार्य नहीं हो पा रहा था, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी सोच से अब इससे मुक्ति मिली है।

## खबर संक्षेप

### इंडिकेटर्स में 100 प्रतिशत सैचुरेशन लाएं 14 तक

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग की संयुक्त संचालक डॉ. भावना दीक्षित द्वारा आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों के सभी इंडिकेटर्स की विषयवार समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 14 अप्रैल 2026 तक सभी निर्धारित इंडिकेटर्स में 100 प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, डिप्टी कलेक्टर किशोर शर्मा, एबी फेलो संतोष कुमार सितारे सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद डॉ. दीक्षित ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोंडागांव, बम्हनी एवं आवासीय बालिका छात्रवास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में सुधार और बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

### जिले में धूमधाम से मना चावल उत्सव

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में "चावल उत्सव" का आयोजन किया गया। उत्सव के दौरान राशन कार्डधारियों को निर्धारित मात्र में चावल, नमक एवं अन्य आवश्यक खाद्यान्न सामग्री वितरित की गई।

## पेज 9 का शेष

### अपहृत बालिका चंद...

बालिका कुछ महीने पहले बाहर काम करने हैदराबाद गई हुई थी, जब वह वहां से वापिस आई उसके बाद से लगातार आरोपी रंजन मिश्रा जो कि हैदराबाद में उसी कंपनी में काम करता था, उसके द्वारा पीड़िता को परेशान किया जा रहा था, जिसके बाद पीड़िता से शादी करने के लिए रंजन मिश्रा ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपहरण की योजना बनाई और घटना को अंजाम दिया। मामले में पुलिस ने मैगचाल थाना मैगचाल जिला संगारेड्डर हैदराबाद निवासी 26 वर्षीय रंजन मिश्रा पिता रमेश मिश्रा और 21 वर्षीय प्रियांशु गुड्डू कुमार उपाध्याय पिता स्व. नालादय और कांकेर जिला के शीतलपारा कोरर निवासी 31 वर्षीय लाली टेकाम पिता पीलाराम टेकाम को हिरासत में लिया गया।

### आपत्तिजनक फोटो व ...

न्यायालय कांकेर में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। आरोपी के खिलाफ की गई इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक सुरेश कुमार राठौर, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक यशवंत श्याम, उप निरीक्षक रनेश सेठिया, सहायक उप निरीक्षक टीकम, प्रधान आरक्षक ज्योति मिश्रा तथा आरक्षक तरुण सिन्हा और आशीष का योगदान रहा।

### कर्मठ पुलिसकर्मियों ...

प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना और कर्तव्य के प्रति समर्पण की भावना को और मजबूत करना है। "कॉप ऑफ द मंथ" जैसे सम्मान से जहां उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ रहा है, वहीं अन्य कर्मचारियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिल रही है। फरवरी माह के लिए सम्मानित अधिकारी व कर्मचारी निरीक्षक जितेन्द्र गुप्ता, थाना कोरर अपराध निराकरण एवं स्थाई वारंट की तामील कार्यवाही में, उप निरीक्षक आलोक सुबोध, थाना अंतागढ़ थाना अंतागढ़ के अपराध क्रमांक 14/26 एनडीपीएस एक्ट प्रकरण में बरामदगी एवं विवेचना कार्यवाही में, सहायक उप निरीक्षक गंगाराम शोरी चौकी दुधावा थाना नरहरपुर के अपराध क्रमांक 30/26 हत्या के प्रकरण में आरोपी की गिरफ्तारी व विवेचना में, सहायक उप निरीक्षक बुधारू राम मरकाम थाना नरहरपुर थाना नरहरपुर के अपराध क्रमांक 12, 20, 43/2026 हत्या के प्रकरण में उत्कृष्ट विवेचना के लिए, आरक्षक चंदन कुलदीप थाना गोण्डाहुर थाना गोण्डाहुर के अपराध क्रमांक 06/26 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम व आर्म्स एक्ट के प्रकरण में, आरक्षक यशवंत मंडावी, थाना बांदे मादक पदार्थ गांजा एवं आबकारी एक्ट के प्रकरण में विशेष भूमिका निभाने पर एसपी ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## कार्यक्रम : कोंडागांव में किसान वृक्ष मित्र योजना महासम्मेलन

# किसानों की आय बढ़ाने व हरित विकास को मिलेगा नया आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

वनमंडल में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा संयुक्त वन प्रबंधन समितियों का महासम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों, हितग्राहियों और विभिन्न संस्थाओं को किसान वृक्ष मित्र योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि योजना का उद्देश्य निजी भूमि पर व्यावसायिक पौधारोपण को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाना है। सम्मेलन में बताया गया कि योजना के अंतर्गत किसान टिश्यू कल्चर सागौन, क्लोनल नीलगिरी, टिश्यू कल्चर बांस तथा मिलिया डुबिया जैसे आर्थिक रूप से लाभकारी पौधों का रोपण कर सकेंगे। सहयोगी संस्थाओं एवं निजी कंपनियों के माध्यम से उत्पाद की वापस खरीदी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे किसानों को उचित मूल्य मिल सके। वन विभाग ने बताया कि पांच एकड़ तक भूमि पर पौधारोपण करने वाले पात्र हितग्राहियों को पूर्ण अनुदान दिया जाएगा, जबकि इससे अधिक क्षेत्र में आंशिक सहायता मिलेगी। विभाग द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और निगरानी की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि पौधों की अच्छी देखभाल हो सके। योजना के अंतर्गत पौधारोपण के बाद तीन वर्षों तक नियमित निरीक्षण किया जाएगा। पौधों की जीवित संख्या के आधार पर रखरखाव के लिए अनुदान दिया जाएगा, जिससे किसानों को शुरुआती वर्षोंर् में आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा और वृक्षारोपण को बढ़ावा मिलेगा।

■ योजना की जानकारी देने आयोजित हुआ महासम्मेलन

### किसानों ने बताया- बढ़ी आय



सुमारू ग्राम पोलंग ने बताया कि पूर्व में अपने खेतों में मक्का उड़द आदि खेती करता था। लेकिन वन विभाग की समझाइश पर खेत की मेढ़ो पर व मरहान भूमि में नीलगिरी का पौधारोपण किया है, जिससे मुझे लाभ हो रहा है। उत्तम कोटडिया पाला गांव ने बताया कि मेरे यहां पैतृक रूप से पौधारोपण किया जाता है। हाल ही में 8 एकड़ नीलगिरी काटकर 21 लाख रुपए का बेचा हूं। 5 एकड़ के लिए वन विभाग से मुफ्त में पौधे गड्ढा खुदाई व खाद मिला है। दीनबंधु यादव ग्राम उमरगांव ने बताया कि वन विभाग की सहयोग से सागौन और बांस का वृक्षारोपण किया हूं। बांस की दो कटाई हो चुकी है। दो लाख रुपए का फायदा हुआ है। वन विभाग की किसान वृक्ष मित्र योजना से हमें सहारा मिला है। विजय कोर्राम ग्राम चिलपुटी ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों ने बताया तो नीलगीरी का पौधारोपण किया था। नीलगिरी के पौधों के बीच में हल्दी भी लगाया हूं। दो बार कटाई करके आय कर चुका हूं।

### प्रतिवर्ष 5 से 6 लाख नीलगिरी का कर रहे रोपणः डीएफओ

*डीएफओ कोंडागांव चूड़ामणि सिंह ने बताया कि दक्षिण वन मंडल कोंडागांव में प्रतिवर्ष 5 से 6 लाख नीलगिरी का पौधारोपण किया जा रहा है। शासन की महत्वपूर्णयोजना है किसान वृक्ष मित्र। इस योजना के तहतहम कई प्रजातियां के पौधे हम कृषकों को वितरण कर रहेहै। जिसमें सागौन नीलगिरी, बांस,मालाबार नीम आदि शामिल है।*

### पर्यावरण के साथ ही किसान की आर्थिक स्थिति भी हो रही मजबूत : वनमंत्री कश्यप



वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि किसान वृक्ष मित्र योजना छत्तीसगढ़ की एक ऐसी योजना है जिसमें किसानों की आर्थिक रूप से आय बढ़ाने के लिए शुरू किया है। अभी हम लोगों ने इसमें चार-पांच प्रकार के कुछ वृक्ष जैसे बांस, सागौन, मिलिया, डुबिया और नीलगिरी से शुरुआत की है। बस्तर क्षेत्र में अभी सबसे ज्यादा नीलगिरी के पेड़ लगाए जाते हैं, जिससे किसानों की आय दोगुनी हुई है। हमारी सरकार लगातार किसानों के समृद्धि एवं उनकी आर्थिक व्यवस्था को सुधारने में लगी हुई है।

### उद्योगों को मिलेगा कच्चा माल बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

अधिकारियों ने बताया कि योजना से लकड़ी और प्लाईवुड आधारित उद्योगों को कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ेगी। इससे स्थानीय स्तर पर उद्योगों का विकास होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में भी यह योजना सहायक साबित होगी। महासम्मेलन में बड़ी संख्या में किसानों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। किसानों ने निजी भूमि पर वृक्षारोपण के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने की संभावना को लेकर उत्साह व्यक्त किया। वन विभाग ने भरोसा दिलाया कि योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए निरंतर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

# हादसे में युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



नेशनल हाईवे-30 पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जटायु शिला के पास अज्ञात वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 11:30 बजे राहगीरों ने सड़क किनारे एक युवक को बाइक सहित गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा देखा और तुरंत इसकी सूचना फरसगांव थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल फरसगांव अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उसके पास मिले बैंक पासबुक के आधार पर गजेंद्र कुमार नेताम पिता महेश कुमार निवासी वार्ड क्रमांक 6 नरहरपुर के रूप में की गई है।

■ एनएच-30 जटायु शिला के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

### जांच जारीः पुलिस

*प्रारंभिक जांच में मामला हिट एंड रन का प्रतीत हो रहा है। युवक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चीरघर में सुरक्षित रखवा दिया है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। मामले की जांच जारी है।*

### नेशनल हाईवे-30 पर खड़े ट्रक के केबिन में चालक की संदिग्ध मौत



**फरसगांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-30 पर सोनू ढाबा के सामने खड़े एक ट्रक के केबिन में चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। गुरुवार को पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान मोतीराम साहू (55 वर्ष), निवासी भटगांव जिला धमतरी के रूप में हुई है। वह ट्रक चालक के रूप में कार्यरत था। बताया जा रहा है कि 7 अप्रैल की रात करीब 2 बजे फरसगांव पहुंचने के बाद वह ट्रक के केबिन में ही सो गया। अगली सुबह करीब 5 बजे साथी चालक ने उसे जगाने की कोशिश की, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही फरसगांव पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच के दौरान पाया गया कि चालक की मौत ट्रक के केबिन के अंदर ही हो चुकी थी। गुरुवार को पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस के अनुसार, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल मर्ग इंटीमेशन कायम कर मामले की जांच जारी है।

# शहीदों को श्रद्धांजलि, वीरता पदक विजेताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




188वीं बटालियन सीआरपीएफ द्वारा चिकलपुट्टी स्थित मुख्यालय परिसर में शौर्य दिवस का आयोजन किया गया। कमांडेंट भवेश चौधरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग-30 स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के अंतर्गत सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें जवानों को संबोधित करते हुए शौर्य दिवस के इतिहास और वीर जवानों के पराक्रम को याद किया गया। कमांडेंट ने 9 अप्रैल 1965 को कच्छ के रण में सीआरपीएफ जवानों द्वारा पाकिस्तानी सेना के हमले को विफल करने की ऐतिहासिक घटना का उल्लेख करते हुए उनके अद्वितीय साहस को याद किया। सीआरपीएफ द्वारा पंजाब, जम्मू-कश्मीर, आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रें में नक्सलवाद, आतंकवाद और उग्रवाद से निपटने में निभाई गई भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर बटालियन में पदस्थ वीरता पदक विजेताओं एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कमांडेंट ने जवानों को भविष्य में भी समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

**इनकी रही मौजूदगीः** इस अवसर पर नीतीन्द्र नाथ द्वितीय कमान अधिकारी, कमल सिंह मीणा उप.कमा., ओमप्रकाष विष्नोई सहा.कमा., बन्ना राम सहा.कमा, अमर सिंह मीणा सहा.कमा एवं अधीनस्थ अधिकारी, जवान उपस्थित रहे।

# युवती ने पुल से लगाई छलांग पुलिस की तत्परता से बची जान



**जगदलपुर।** लोहण्डीगुड़ा थाना क्षेत्र स्थित इन्द्रावती पुल से बुधवार शाम एक युवती ने आत्महत्या करने छलांग लगा दी। गनीमत रही कि वहां से गुजर रहे लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। बिना देर किए थाना प्रभारी व जवान मौके पर पहुंचे और युवती की जान बचाने में कामयाब रहे। जानकारी के मुताबिक पारिवारिक विवाद के चलते 22 साल की युवती ने लोहंडीगुड़ा एसटीएफ कैंप रिजॉर्ट नारायणपाल मोड़ स्थित इन्द्रावती नदी पुलिया से कूद गई। लोहंडीगुड़ा थाना प्रभारी रवि बैंगा ने बताया कि भानपुरी निवासी 22 वर्षीय युवती का पारिवारिक कारणों से विवाद हो गया था। इसके चलते वह अपने घर से पैदल ही निकल गई। रास्ते में कुछ लोगों से लिफ्ट लेते हुए वह नारायणपाल मंदिर के पास बने पुल पर पहुंची और वहां से नदी में छलांग लगा दी। जिस समय युवती ने नदी में कूदा उसी समय वहां से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना लोहण्डीगुड़ा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही लोहंडीगुड़ा थाने के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए नदी में छलांग लगा दी और समय रहते युवती को बचा लिया। युवती बेहोशी की अवस्था में थी उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहंडीगुड़ा में भर्ती कराया गया। अस्पताल में उपचार के बाद युवती को होश आ गया। होश में आने पर उसने अपने परिजनों के बारे में पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवती के परिजनों को सूचित किया और उन्हें अस्पताल बुलाया। लड़की की हालत ठीक होने पर परिजनों को सुपुर्द किया गया, अपनी बेटी को सुरक्षित देखकर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# नगर पंचायत पखांजूर के उपचुनाव के लिए निर्वाचक नामावली कार्यक्रम जारी

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगर पंचायत पखांजूर के उप निर्वाचन को सम्पन्न कराए जाने के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसके अनुसार रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति 09 अप्रैल तक किया जाकर निर्वाचक नामावली की प्रारंभिक प्रारूप तैयार करने के लिए कर्मचारियों का चयन एवं प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजूर, तहसीलदार पखांजूर तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत पखांजूर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के विधानसभा की अद्यतन निर्वाचक नामावली प्राप्त करने के बाद विधानसभा की निर्वाचक नामावली को वार्डवार पृथक कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराई जाएगी तथा प्रचलित परिसीमन के आधार पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्वाचक नामावली को वार्डवार एवं भागवार मार्किंग की जाएगी। वार्डवार एवं भागवार चिन्हित निर्वाचकों को सॉफ्टवेयर के माध्यम से दर्शित वार्ड के संबंधित भाग के अनुभाग में 10 अप्रैल तक शिफ्ट किया जाएगा तथा 11 अप्रैल तक निर्वाचक नामावली के पीडीएफ तैयार करके जांच कर त्रुटि का सुधार किया जाएगा एवं चेकलिस्ट संशोधन पश्चात प्रारूप निर्वाचक नामावली मुद्रण के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा और जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा 13 अप्रैल तक निर्वाचक नामावली का मुद्रण कराया जाकर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराया जाएगा। निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे तथा आपत्तियां 13 अप्रैल से 20 अप्रैल के दोपहर 03 बजे तक प्राप्त की जाएगी। दावा आपत्ति निपटारे की अंतिम तारीख 23 अप्रैल निर्धारित की गई है। प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल शुक्रवार निर्धारित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजूर को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा तहसीलदार पखांजूर को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और अपर कलेक्टर अंतागढ़ को अपील प्राधिकारी के कृत्यों के संपादन के लिए पदाभिहित अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# सरोना में 15 से कोया पुनेंम गोंडी गाथा का होगा आयोजन, कार्यक्रम की रूपरेखा तय

**सरोना।** गोंडवाना समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक मूल्यों को सहेजने तथा नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से 15 अप्रैल से 19 अप्रैल तक पांच दिवसीय कोया पुनेंम गोंडी गाथा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम हेमाबाबा देव स्थल सरोना में होगा। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ 15 अप्रैल को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अतिथियों के स्वागत एवं पूजा-अर्चना से होगा।

आयोजित कार्यक्रम के तहत प्रथम दिवस पर देव स्थल में विशेष पूजा, सामूहिक प्रार्थना और समाज की एकता को सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन गोंडी संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालेंगे। कार्यक्रम के दूसरे और तीसरे दिन, 16 और 17 अप्रैल को गोंडी परंपरा से जुड़े विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इनमें लोकनृत्य, पारंपरिक गीत, गोंडी गाथाओं का वाचन और लोककथाओं पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां शामिल होंगी। युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर दिया जाएगा, जिससे वे अपनी सांस्कृतिक पहचान को और सशक्त बना सकें। पारंपरिक वेशभूषा और रीति-रिवाजों का प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। 18 अप्रैल को सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस दिन सामूहिक चर्चा, सांस्कृतिक संवाद, पारंपरिक ज्ञान का आदान-प्रदान तथा समाज की वर्तमान स्थिति और भविष्य की दिशा पर विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रहेगी, जिसमें स्थानीय और बाहरी कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

कार्यक्रम का समापन 19 अप्रैल को भव्य आयोजन के साथ होगा। अंतिम दिवस पर मुख्य अतिथियों के उद्बोधन, समाज के वरिष्ठजनों के आशीर्वचन और उत्कृष्ट प्रतिभागियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समापन अवसर पर समाज की एकता, परंपरा और सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने का संदेश दिया जाएगा। इस आयोजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और समाज के प्रमुख व्यक्तियों को मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति का मानना है कि इस कार्यक्रम से गोंडी संस्कृति को बढ़ावा मिलने के साथ ही समाज में आपसी भाईचारा और एकजुटता भी मजबूत होगी।

# महतारी वंदन योजना के लिए ई-केवाईसी कराने की अपील की

**कांकेर।** राज्य शासन द्वारा समस्त हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का ई-केवाईसी कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत महिला एवं बाल विकास विभाग की महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वित समस्त महिलाओं का ई-केवायसी कराया जाना है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिले में महतारी वंदन योजना के तहत लगभग 01 लाख 80 हजार महिलाओं को प्रतिमाह लाभान्वित किया जा रहा है, इनमें से लगभग 27 हजार महिलाओं का ई-केवायसी पूर्ण हो चुका है। इस प्रकार जिले में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित लगभग 01 लाख 53 हजार हितग्राहियों का ई-केवायसी कराया जाना है। इन महिलाओं के नाम, सूची संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के महतारी वंदन एप के लॉगिन आईडी में उपलब्ध है। केवल इन्हीं महिलाओं का ई-केवायसी निकट के कॉमन सर्विस सेंटर में जाकर निःशुल्क कराया जा सकता है। महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा राज्य स्तर से चिप्स को नोडल एजेंसी बनाते हुए उनके अधीनस्थ संचालित कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से उक्त कार्य निःशुल्क कराये जाने के निर्देश दिये गए हैं। साथ ही सभी परियोजनाओं में व्हीएलई एवं पर्यवेक्षकों का संयुक्त प्रशिक्षण भी आयोजित किया जा चुका है। महतारी वंदन योजना से लाभान्वित ऐसी समस्त महिलाएं जिनका ई-केवायसी नहीं हुआ है उन्हें आवश्यक अभिलेखों जैसे अद्यतन आधार कार्ड की मूलप्रति एवं आंगनबाडी कार्यकर्ता से महतारी वंदन योजना का हितग्राही पंजीयन क्रमांक प्राप्त कर निकट के कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी में अपना ई-केवायसी कराने कहा गया है, ताकि उन्हें महतारी वंदन योजना के तहत निरन्तर लाभान्वित किया जा सके।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


विधानसभा अंतागढ़ के अंतर्गत जैतानवागांव नदी
एवं सुरेली नदी में वृहद पुल निर्माण के भूमिपूजन में पधार
रहे समस्त अतिथियों को शत्-शत् वंदन... अभिनंदन...
कार्यक्रम
दिनांक : 10.04.2026 शुक्रवार
समय : सुबह 11 बजे
स्थान : रंगमंच भवन, गोडरी
विकासखंड अंतागढ़, जिला कांकेर
मा.श्री विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री
मा.श्री विजय शर्मा जी
उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री
मा.श्री भोजराम नाग जी
सांसद कांकेर लोकसभा
मा.श्री विक्रम देव उसेंडी जी
विधायक अंतागढ़
विनीत : श्री लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन एवं श्री रामेश्वर प्रसाद सिन्हा

# गांव चलो अभियान का डंवरखार बूथ में शंखनाद, बनेगा जनआंदोलन : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आव्हान तथा भाजपा के जिला अध्यक्ष महेश जैन के मार्गदर्शन में भाजपा मंडल सरोना द्वारा गांव चलो अभियान का ऐतिहासिक शुभारंभ डंवरखार पोलिंग बूथ से किया गया। यह कार्यक्रम पूरे क्षेत्र में ऊर्जा, उत्साह और संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक बनकर उभरा। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने इसे एक सशक्त शुरुआत के रूप में स्थापित किया।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकर्ताओं में नया जोश भर दिया। उन्होंने कहा कि गांव चलो अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। उन्होंने विश्वास जताया कि डंवरखार से शुरू हुई यह अलख अब हर गांव और हर घर तक पहुंचेगी तथा समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत शीतला माता मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर की गई। इस पहल ने सेवा और समर्पण का सशक्त संदेश दिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने गांव में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया, घर-घर पहुंचकर लोगों से संवाद स्थापित किया और सामुदायिक भवन में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं सामाजिकजनों के साथ आत्मीय चर्चा की। इस दौरान पार्टी की योजनाओं और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का भाजपा गमछा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। यह सम्मान उनके लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पण और योगदान के प्रति आभार का प्रतीक था। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा ने किया। उनके साथ मंडल उपाध्यक्ष बैराग सोरी, किसान मोर्चा मंडल महामंत्री दीपक साहू और डंवरखार पोलिंग बूथ अध्यक्ष घनश्याम कोर्राम की सक्रिय भागीदारी रही एवं सभी ने मिलकर अभियान को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में गांव चलो अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रामेश्वर पांडे शक्ति केंद्र संयोजक, घनश्याम कोराम बूथ अध्यक्ष, छबिलाल सलाम , संतोष सोरी, एवन नेताम, रुद्रेश्वर पोया, प्रहलाद पोया, नवलु राम सोरी, सग्गू राम सोरी, चैतराम नेताम, भीखम नेताम, रमेश सोरी, श्रवण नेताम, मीना कोराम, कांवली पोया, बृजबती भगवती सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तिहार : जिले के 1562 प्राथमिक विद्यालयों में होगा आयोजन

# प्राइमरी स्कूलों में पढ़ाई तिहार कल 43046 छात्र-छात्राएं होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिले के समस्त शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में 11 अप्रैल को जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशन में अंगना में शिक्षा अभियान अंतर्गत पढ़ई तिहार का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं डीएमसी नवनीत पटेल द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला शिक्षा विभाग के अनुसार इस आयोजन में जिले के लगभग 1562 प्राथमिक विद्यालयों के करीब 43046 हजार छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। पढ़ई तिहार का उद्देश्य प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करना, बच्चों में पढ़ने-लिखने और गणना की क्षमता को प्रोत्साहित करना तथा समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 1 से 3 तक के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने एफएलएन मूल्यांकन में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विशेष रूप से इन विद्यार्थियों की माताओं को भी आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। उन्हें स्मार्ट माता के रूप में चिन्हित करते हुए विशेष बैज प्रदान किया जाएगा, जिससे शिक्षा में अभिभावकों की भूमिका को भी मान्यता मिलेगी। कलेक्टर नीलेश महादेव ने सभी विद्यालयों को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्ण, सुव्यवस्थित और सहभागितापूर्ण तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगा। जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीएमसी ने बताया कि अंगना में शिक्षा के तहत 9 अलग-अलग काउंटर लगाए जाएंगे, जहां विद्यार्थियों की पढ़ाई, लेखन और गणना की उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जाएगा। इससे अभिभावकों और समुदाय को बच्चों की शैक्षणिक प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति, पालकगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्त्रोत समन्वयक, संकुल समन्वयक एवं संस्था प्रमुखों को कार्यक्रम का सतत निरीक्षण और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का समय इस प्रकार निर्धारित करने के निर्देश दिए गए हैं कि बच्चों और अभिभावकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कार्यक्रम के समापन के बाद छायाचित्र सहित संक्षिप्त प्रतिवेदन निर्धारित समय सीमा में जिला कार्यालय को भेजना अनिवार्य किया गया है।

## नक्सल प्रभाव से मिली मुक्ति और ग्राम हेटारकसा के हर-घर में पहुंचा नल जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कभी नक्सल गतिविधियों के कारण विकास से अछूता रहा कोयलीबेड़ा विकासखंड के ग्राम हेटारकसा आज बदलाव की नई कहानी लिख रहा है। जहां पहले सड़क, संचार और मूलभूत सुविधाओं तक पहुंच मुश्किल थी, वहीं अब शासन के नक्सल उन्मूलन अभियान और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से गांव में विकास दिखने लगा है।

नक्सल प्रभाव के कारण वर्षों तक इस क्षेत्र में योजनाओं का क्रियान्वयन चुनौतीपूर्ण रहा। दुर्गम भौगोलिक स्थिति और सुरक्षा कारणों से पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा भी गांव तक नहीं पहुंच पा रही थी। ग्रामीण, कुएं और नालों पर निर्भर थे, और गर्मी के दिनों में पानी के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता था। लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन और राज्य शासन के प्रयासों से ग्राम हेटारकसा के 63 घरों तक नल कनेक्शन पहुंचाए गए हैं। दो सोलर पंप आधारित जल टंकियों के माध्यम से अब गांव के हर घर में नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। गांव के निवासी राजनाथ पोटाई बताते हैं कि पहले पानी लाने के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता था, जिसमें अधिक समय व श्रम लगता था। वहीं अब घर में ही दिनभर पानी मिलने से दैनिक जीवन काफी आसान हो गया है। गांव की महिला सविता बेन ने कहती हैं कि पहले पानी की समस्या के कारण दिन का बड़ा हिस्सा इसी कार्य में चला जाता था, लेकिन अब नल-जल सुविधा से उन्हें राहत मिली है और वे अन्य कामों में समय दे पा रही हैं। स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने से गांव में जलजनित बीमारियों में कमी आई है। साथ ही ग्रामीण अब घरों के आसपास सब्जी-बाड़ी कर रहे हैं, जिससे टमाटर, मिर्ची, बरबट्टी जैसी फसलें उगाकर वे पोषण के साथ-साथ अतिरिक्त आय भी अर्जित कर रहे हैं। नक्सल प्रभावित इस दूरस्थ क्षेत्र में योजनाओं का सफल क्रियान्वयन प्रशासन के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। ग्राम हेटारकसा यह साबित कर रहा है कि जब सुरक्षा, विश्वास और विकास एक साथ आगे बढ़ते हैं, तो सबसे दूरस्थ और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में भी बदलाव संभव है।

## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कर्मचारियों के साथ हुई त्रिपक्षीय वार्ता

**कांकेर।** कांकेर नगर पालिका में सीएमओ, ठेकेदार और कर्मचारी यूनियन के बीच एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय बैठक हुई। बैठक में कर्मचारियों की कई पुरानी मांगों पर सहमति बनी। बैठक में निर्णय हुआ कि अब नियमित तय तारीख तक अनिवार्य रूप से भुगतान किया जाएगा, कर्मचारियों को अब वेतन के साथ पे-स्लिप भी दी जाएगी, ईएसआई कार्ड की त्रुटियों को सुधारने और परिवार के सदस्यों के नाम जोड़ने पर ठेकेदार ने सहमति जताई है।

### आमागुहान में कल लगेगा वार्षिक मेला

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत दमकसा के आश्रित ग्राम आमागुहान में 11 अप्रैल को एक दिवसीय वार्षिक मेला आयोजित किया जाएगा। इस पारंपरिक मेले को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। ग्राम गायता बिरेंद्र देहारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मेला हर वर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें आसपास के विभिन्न देवी-देवताओं की सहभागिता रहती है। मेले के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रिकॉर्डिंग डांस कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेगा।

### मावा मोदोल कोचिंग सेंटर में प्रवेश के लिए काउंसलिंग आज और कल




**कांकेर।** मावा मोदोल परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों के लिए 10 एवं 11 अप्रैल को मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग सेंटर कांकेर और भानुप्रतापपुर में सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। सभी चयनित अभ्यर्थियों के लिए काउंसिलिंग में शामिल होना अनिवार्य है। आयोजित प्रक्रिया के माध्यम से विद्यार्थियों को सीट अलॉटमेंट सुनिश्चित करने का अवसर मिलेगा। निर्धारित तिथि पर अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों का सीट पर दावा स्वतः निरस्त कर दिया जाएगा। काउंसलिंग में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को आवश्यक दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य होगा। इनमें कक्षा 10 वीं और 12 वीं की अंकसूची, स्नातक, स्नातकोत्तर प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो तथा जाति एवं निवास प्रमाण पत्र शामिल हैं। सभी दस्तावेजों का सत्यापन काउंसलिंग के दौरान किया जाएगा। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे इस अवसर को गंभीरता से लें और समय पर उपस्थित होकर काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्ण करें। काउंसिलिंग प्रक्रिया विद्यार्थियों के भविष्य को दिशा देने और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। उन्हांने सभी चयनित अभ्यर्थियों को समय से पहले केंद्र पर पहुंचने और किसी भी असुविधा से बचने कहा है।

### निधन

**सुरेश कुमार राय**



**दुधावा।** बस स्टैंड दुधावा निवासी सुरेश कुमार राय का आकस्मिक निधन हो गया है, वे बस स्टैंड दुधावा के प्रतिष्ठित व्यापारी थे। उसके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। वे जनपद सदस्य वीणा बंटी राय एवं ग्राम पंचायत धनोरा के उपसरपंच मुकेश राय का चाचा जी थे एवं नवीन राय का पापा जी थे।

## सरकारी सौर ऊर्जा सिस्टम की चोरी डुमरपानी के किसान की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



नरहरपुर थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाली चोरी की घटना सामने आई है, जिसने न सिर्फ एक किसान की मेहनत पर पानी फेर दिया, बल्कि ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां चोरों ने अन्नदाता के खेत में लगी सरकारी सौर ऊर्जा प्रणाली को ही निशाना बना लिया और रात के अंधेरे में पूरी व्यवस्था समेटकर फरार हो गए।

मामला विकासखंड नरहरपुर के ग्राम डुमरपानी का है, जहां के निवासी राजकुमार देवांगन के खेत में शासन द्वारा सिंचाई के लिए सौर ऊर्जा आधारित सिस्टम लगाया गया था। इस सिस्टम में सात सोलर पैनल और एक मोटर पंप शामिल था, जो किसानों को बिजली की समस्या से राहत देने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था। यह पूरा सेटअप पीवी पावरटेक कंपनी का था, जिसकी क्षमता 3 एचपी दर्ज थी। घटना का खुलासा 27 मार्च की सुबह तब हुआ, जब किसान रोज की तरह अपने खेत पहुंचे। वहां का नजारा देख उनके होश उड़ गए, जहां सौर पैनल और पंप लगे थे, वहां सिर्फ खाली जगह बची थी। अज्ञात चोरों ने बेहद सुनियोजित तरीके से पूरे सिस्टम को उखाड़कर चोरी कर लिया। किसान के अनुसार चोरी गए उपकरणों की कीमत लगभग 60 हजार रुपए आंकी गई है। इस घटना ने इलाके के अन्य किसानों में भी डर का माहौल पैदा कर दिया है। सरकारी योजनाओं के तहत लगाए गए उपकरणों की सुरक्षा को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। शिकायत मिलने पर नरहरपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नरहरपुर पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी, लेकिन फिलहाल किसान अपने नुकसान और असुरक्षा की चिंता में डूबा हुआ है।

## युकां ने असम के सीएम के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए किया पुतला दहन



**कांकेर।** जिला युवा कांग्रेस द्वारा बैठक के उपरांत असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के संबंध में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में आयोजित किया गया।

जिला युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर मुख्यमंत्री के बयान की कड़ी निंदा की और इसे राजनीतिक मर्यादा के विरुद्ध बताया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया। इसके बाद विरोध स्वरूप हिमंत बिस्वा सरमा का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर जिला युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की अभद्र टिप्पणियां लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिक शिष्टाचार के खिलाफ हैं।

उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस तरह की बयानबाजी बंद नहीं हुई तो भविष्य में और उग्र आंदोलन किया जाएगा। साथ ही, सभी ने एकजुट होकर पार्टी नेतृत्व के सम्मान की रक्षा करने का संकल्प लिया। विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे और उन्होंने संगठन की एकजुटता का परिचय दिया।

## बाबूदबेना में साहू सदन लाकार्पित मां कर्मा महोत्सव में दिखी एकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बाबूदबेना में सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और संगठन की शक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब साहू समाज के बहुप्रतीक्षित साहू सदन का लोकार्पण भव्य समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कर्मा महोत्सव की उमंग और पारंपरिक उत्साह ने पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया।

बाबूदबेना में साहू समाज के गौरव साहू सदन का लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि यह भवन समाज की एकता, संगठन और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बनकर अब समाज को समर्पित किया गया है। साहू सदन केवल एक भवन नहीं, बल्कि समाज की शक्ति, एकता और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। इस तरह के आयोजन समाज को संगठित करने के साथ-साथ आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं। कर्मा महोत्सव जैसे लोकपर्व हमारी परंपराओं की आत्मा हैं, जिन्हें सहेजना और आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि समाज की जागरूकता और एकजुटता ही क्षेत्र के विकास का आधार बनती है। जब समाज जब संगठित होकर आगे बढ़ता है, तो विकास की राह स्वतः प्रशस्त हो जाता है। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, साहू समाज के जिला अध्यक्ष बंशीलाल साहू, गैंदलाल साहू सहित समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन एवं गणमान्य नागरिकों की विशेष उपस्थिति रही।

### लोकपर्व की खुशियाँ की साझा

कार्यक्रम के दौरान कर्मा महोत्सव के पावन अवसर पर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ लोकपर्व की खुशियाँ भी साझा की गईं। समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत किया। इस आयोजन ने न केवल सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने की प्रेरणा भी दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे और इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने।

# प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो भेंट कर लोक कलाकार मंजू का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



छत्तीसगढ़ और आसपास के ग्रामीण अंचलों में लोककला की परंपरा को सहेजने वाले कलाकारों का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम सालहेभांट की लोक कलाकार मंजू रामटेके को हाल ही में एक विशेष सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत योगदान का प्रतीक है, बल्कि लोक संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के प्रति उनके समर्पण को भी दर्शाता है।

इस सम्मान समारोह की विशेष बात यह रही कि यह कार्यक्रम देश की सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई से प्रेरित अवार्ड संस्था द्वारा आयोजित किया गया। तीजन बाई, जिन्हें पद्मश्री और पद्म विभूषण जैसे उच्च सम्मानों से नवाजा जा चुका है। लोककला की दुनिया में एक प्रेरणास्त्रोत मानी जाती हैं। उनके मार्गदर्शन और परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उनके शिष्य मंजू रामटेके को यह सम्मान प्रदान किया गया। संस्था के प्रमुख शेख अलीम बंसी स्वयं मंजू रामटेके के निवास पर पहुंचे। उन्होंने प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो भेंट कर कलाकार का सम्मान किया एवं कहा कि लोक कलाकारों को प्रोत्साहन देना बेहद जरूरी है, ताकि हमारी सांस्कृतिक विरासत जीवित रह सके। सम्मान समारोह के दौरान पूरे गांव में खुशी और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। ग्रामीणों ने इस उपलब्धि को अपनी सामूहिक खुशी के रूप में मनाया। मंजू रामटेके के घर के आसपास लोगों की भीड़ जुटी रही और हर कोई उन्हें बधाई देने के लिए उत्सुक नजर आया। यह आयोजन गांव के लिए किसी त्योहार से कम नहीं था। सम्मान कार्यक्रम के बाद सरोना तहसील के ग्राम बरकई स्थित भीमा महादेव मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भक्ति संगीत और सामूहिक सहभागिता ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर 21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411